कोलकाता
सोमवार 31 अगस्त, 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष तृतीया 3
विक्रम संवत् 2083
वर्ष 81, अंक 151, पूर्णांक 28118
मूल्य 5.00 रु., कुल पेज 10
www.sanmarg.in

॥ श्री हरिः ॥
सन्मार्ग
॥ नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः॥
बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

# लाइव स्टूडेंट पॉडकास्ट में नीलेश शाह ने साझा किए वित्तीय जगत के अनुभव



सन्मार्ग संवाददाता

**कोलकाता :** द न्यू टाउन स्कूल, कोलकाता में कक्षा 11 के विद्यार्थियों की ओर से लाइव स्टूडेंट पॉडकास्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर नीलेश शाह ने विद्यार्थियों से संवाद किया और वित्त, निवेश तथा कारोबार से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। स्कूल की ओर से आयोजित इस छात्र-केंद्रित पहल का उद्देश्य कक्षा की पढ़ाई को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ना और विद्यार्थियों को उद्योग जगत के विशेषज्ञों, उद्यमियों एवं अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों से सीधे संवाद का अवसर देना है। पॉडकास्ट के दौरान विद्यार्थियों ने वित्तीय निर्णय लेने, निवेश, बाजार के उतार-चढ़ाव, भारतीय अर्थव्यवस्था और करियर विकल्पों से जुड़े सवाल पूछे। संवाद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव, वित्तीय क्षेत्र में हो रहे बदलाव और निवेश के नए रुझानों पर भी चर्चा हुई। वित्त एवं निवेश के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों ने उनसे मार्गदर्शन भी लिया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण स्टूडेंट पॉडकास्ट लीडरशिप टीम बैजिंग समारोह रहा। इसमें विद्यार्थियों के उत्साह, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को सम्मानित किया गया। चयनित छात्र पॉडकास्ट के लिए शोध, प्रश्न तैयार करने, संचालन, प्रोडक्शन, संचार और पोस्ट-प्रोडक्शन जैसी जिम्मेदारियां निभाएंगे। लाइव बातचीत का संचालन कक्षा 11 के विद्यार्थियों महोज यक्ष और श्रेयांस मुखर्जी ने किया।